# बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
## झाँसी

**संस्थान की वित्त समिति की दिनाँकः 14.09.2016 को सम्पन्न हुई 32वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बुन्देलखण्ड अभियाँत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान,झाँसी की वित्त समिति की 32 वीं बैठक माननीया प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा एवं अध्यक्ष वित्त समिति की अध्यक्षता में दिनाँकः 14.09.2016 को सायं 05.00 बजे सम्पन्न हुई।

बैठक में निम्न सदस्यों ने भाग लियाः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मोनिका एस. गर्ग<br>प्रमुख सचिव एवं अध्यक्षा<br>प्राविधिक शिक्षा,<br>उत्तर प्रदेश शासन<br>लखनऊ । | ...... | अध्यक्ष |
| 2. | श्री शिवाकांत द्विवेदी<br>विशेष सचिव<br>प्राविधिक शिक्षा विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन<br>लखनऊ। | ...... | विशेष आमंत्रीसदस्य |
| 3. | श्री धीरज पाण्डे<br>संयुक्त सचिव<br>वित्त विभाग,<br>प्रतिनिधि<br>विशेष सचिव<br>वित्त विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन<br>लखनऊ। | ...... | सदस्य |
| 4. | डा0 ए0के0 निगम<br>विभागाध्यक्ष सिविल इंजी0<br>बी0आई0ई0टी0<br>झाँसी। | ...... | सदस्य<br>(प्रशासकीय परिषद द्वारा नामित) |
| 5. | श्री अवध किशोर<br>अनुसचिव<br>प्राविधिक शिक्षा अनु-1<br>उत्तर प्रदेश शासन<br>लखनऊ। | ...... | विशेष आमंत्री |
| 6. | श्री सुधीर कुमार जैन<br>वरिष्ठ वित्त एंव लेखाधिकारी<br>बी0आई0ई0टी0<br>झाँसी। | ...... | विशेष आमंत्री |
| 7. | डा0 एन0पी0 यादव<br>कुलसचिव<br>बी0आई0ई0टी0<br>झाँसी। | ...... | विशेष आमंत्री |
| 8. | प्रो0 डी0एस0 यादव<br>निदेशक<br>बी0आई0ई0टी0,<br>झाँसी। | ...... | सदस्य सचिव |

## कार्यवाही का विवरण

32.01 वित्त समिति की दिनाँकः 05.06.2015 को सम्पन्न हुई 31 वीं बैठक के कार्यवृत्त का अवलोकन।

समिति द्वारा 31 वीं बैठक का कार्यवृत्त का अवलोकन करते हुए सर्व सम्मति से पुष्टि की गयी।

32.02 वित्त समिति की दिनाँकः 05.06.2015 को सम्पन्न हुई 31 वीं बैठक में प्रस्तुत किये गये बिन्दु, समिति का निर्णय एवं उन पर की गयी कार्यवाही का विवरण।

समिति द्वारा 31 वीं बैठक में लिये गये निर्णय पर कृत कार्यवाही का अवलोकन किया गया।

32.03 वित्तीय वर्ष 2016-17 हेतु राजस्व एवं पूंजीगत पक्ष का बजट प्रस्ताव।

अ -समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 हेतु राजस्व एवं पूंजीगत पक्ष का अवलोकन किया गया सम्यक विचारोपरान्त राजस्व पक्ष के अर्न्तगत रू0 1537.60 लाख के व्यय पर सहमति व्यक्त की गयी।

ब-समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में संस्थान की विभिन्न श्रोंतो से अनुमानित आय रू0 1404.71 लाख का अवलोकन किया गया।

32.04 वित्तीय वर्ष 2016-17 में प्रयोगशालाओं एवं संस्थान की अन्य सुविधाओं के आधुनिकीकरण हेतु प्रस्तावित धनराशि का विवरण।

(अ)समिति द्वारा प्रयोगशालाओं एवं संस्थान की अन्य सुविधाओं के आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर सहमति प्रदान की गयी। समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि, संस्थान द्वारा विभिन्न विभागों एप्लाइड सांइस, सिविल, कैमिकल, मैकेनिकल, इलैक्ट्रोनिक्स, इलैक्ट्रीकल्स,बायोमेडिकल, आदि में स्थापित प्रयोगशालाओं के ए0आई0सी0टी0ई0/विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के अनुरूप आधुनिकीकरण हेतु संस्थान द्वारा बनाये गये प्रस्ताव रू0 425.01 लाख का निम्न समिति के माध्यम से परीक्षण कराये जाने के उपरान्त आधुनिकीकरण की कार्यवाही की जाये।

1. विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0-एच0बी0टी0आई0, कानपुर।
2. विभागाध्यक्ष, ई0सी0 आई0ई0टी0, लखनऊ।
3. विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 के0एन0आई0टी0, सुल्तानपुर।
4. डा0 शहनाज आयूब, एसो0 प्रोफेसर बी0आई0ई0टी0, झाँसी।(संयोजक)

(ब)1- पेयजल व्यवस्था /वाटर कूलर हेतु रू0 15.00 लाख

2- संस्थान हेतु वाहनों का कय

1-स्टाफ कार हेतु रू0 8.50 लाख

3-संस्था के प्रशासकीय/वित्तीय/अकादमिक सेवाओं का आटोमेशन (ई0आर0पी0 साफ्ट्वेयर) रू0 20.00 लाख

उक्त कार्य विगत वर्षो की बचतों के सापेक्ष किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की गयी।

(स)रूसा : समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि, रूसा में स्वीकृत धनराशि को अवमुक्त कराने हेतु संस्थान स्तर से प्रयास किये जायें।

32.05 <u>वर्तमान में चालू भवन निर्माण कार्य की स्थिति।</u>

1. **300 किलो लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय का निर्माण (रू0 55.00 लाख)**

समिति को 300 किलो लीटर क्षमता के भूमिगत जलाशय के निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था पैकपेड को रू0 55.00 लाख भुगतान की सूचना दी गयी। समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि, उक्त कार्य निर्धारित समय सीमा में ही करा लिया जाये।

2. **50 सीटेड पी0जी0 छात्रावास का निर्माण (रू0 165.77 लाख)**

समिति द्वारा 50 सीटेड पी0जी0 छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की सूचना से अवगत हुयी। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

3. **36 सीटेड एस0सी0/एस0टी0 छात्रावास का निर्माण (रू0 193.00 लाख)**

समिति 36 सीटेड एस0सी0/एस0टी0 छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने की सूचना से अवगत हुयी, समिति के संज्ञान में यह भी लाया गया कि, उक्त छात्रावास छात्रों को भी आवंटित कर दिया गया है।

4. **कल्पना चावला छात्रावास का निर्माण (रू0 111.91 लाख)**

समिति को अवगत कराया गया कि कल्पना चावला छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत छात्राओं को आवंटित कर दिया गया है। उपरोक्त सूचना से समिति अवगत हुयी।

5. **सामुदायिक भवन का निर्माण (रू0 90.00 लाख)**

समिति द्वारा सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने की सूचना पर संतोष व्यक्त किया गया।

6. **वर्चुअल क्लास रुम की स्थापना (रू0 20.00 लाख)**

समिति को अवगत कराया गया कि वर्चुअल क्लास रुम की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, तथा यह क्लास रूम छात्र-छात्राओं के पठन पाठन कार्य हेतु उपयोग में लाया जा रहा है।

7. **144 सीटेड पुरूष छात्रावास का निर्माण (रू0 955.58 लाख) (नवीन कार्य)**

समिति को अवगत कराया गया कि 144 सीटेड पुरूष छात्रावास के निर्माण हेतु 955.58 लाख की वित्तीय स्वीकृति के उपरांत अवमुक्त धनराशि रू0 209.29 लाख के सापेक्ष रू0 102.00 लाख का भुगतान कार्यदायी संस्था को कर दिया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य संतोषजनक गति से किया जा रहा है।

32.06 बुन्देलखण्ड अभियान्त्रिकी एवं प्राद्योगिकी संस्थान झाँसी की स्थापना हेतु ग्राम कोछाभांवर की अधिग्रहीत भूमि के भूधारकों को बढी हुयी दर से प्रतिकर भुगतान हेतु धनराशि की स्वीकृति। (रू0 909172.00)

समिति को अवगत कराया गया कि, वाद सं0 21/1993 प्रभाशंकर बनाम उ0प्र0 राज्य व इजराय वाद सं0 5/2003 रास्वरूप इत्यादि बनाम राज्य में मा0 न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय के क्रम में पत्र सं0 183/आठ–भू0अ0 दिनाँक 01.09.2016 के द्वारा उक्त वादो में मुआवजा धनराशि रू0 9,09,172.00 को जमा कराने के निर्देश के क्रम में वर्णित धनराशि मान0 न्यायालय में संस्थान की पूर्व वर्षो की अवशेष धनराशि से जमा करा दी गई है। समिति द्वारा उपरोक्त भुगतान पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गयी। समिति द्वारा यह भी निर्देश दिए गये कि, उक्त प्रकरणों में दी जाने वाली समस्त धनराशि का आगणन करते हुए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जाये, जिससे किबजट आवंटन में समुचित प्राविधान किया जा सके।

32.07 संस्थान के समस्त एकाउन्टस एवं उसमें अवशेषों का विवरण/अवशेषके विनियोग का विवरण।

समिति द्वारा संस्थान में पूर्व वर्षो की बचतों के सापेक्ष सावधि की धनराशि रू0 966.30 लाख का अवलोकन किया गया। समिति द्वारा निर्देश दिया गया कि, उक्त सावधि प्रमाण–पत्र में जमा धनराशि को संस्थान के एण्डाउमेंट फण्ड की तरह रक्षित की जाये, एवं एण्डाउमेंट फण्ड के उपयोग हेतु नियमावली बनायी जाये।

32.08 संस्थान के आडिटेड एकाउन्टस की स्थिति व ऑडिट आपत्तियों का विवरण।

समिति को अवगत कराया गया कि संस्थान में वित्तीय वर्ष 2012–13 के अभिलेखों का ऑडिट कार्य पूर्ण हो चुका है एवं इसकी अनुपालन आख्या कार्यालय महालेखाकार एवं शासन को उपलब्ध करा दी गयी है। समिति द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

32.09 विश्व बैंक कार्यक्रम के अधीन स्वीकृत धनराशि एवं उसके सापेक्ष व्यय का विवरण।

विश्व बैंक कार्यक्रम के अधीन रू0 600.00 लाख के सापेक्ष रू0 441.94 लाख की धनराशि व्यय किये जाने की सूचना से समिति अवगत हुयी।

32.10 संस्थान में स्थापित एण्डाउमेंट फण्ड हेतु पृथक रूप से संचालित खाते में अवशेष धनराशि का विवरण।

समिति को अवगत कराया गया कि, एण्डाउमेण्ट फण्ड हेतु संस्थान में पृथक रूप से संचालित खाते में रू0 150.04 लाख अवशेष है। समिति द्वारा उक्त का अवलोकन किया गया तथा समिति द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि, एण्डाउमेण्ट फण्ड के उपयोग हेतु यथाशीघ्र नियमावली बनायीजाये।

32.11 परीक्षा संबंधी कार्यो पर व्यय की गई धनराशि का विवरण।

परीक्षा संबंधी कार्यो पर व्यय की गई धनराशि का समिति द्वारा अवलोकन किया गया।

32.12 वित्त एवं लेखा विभाग में आवश्यक कार्मिकों के सम्बन्ध में।

शासन द्वारा स्वीकृत पदों के सापेक्ष रिक्तियों को नियमानुसार भरे जाने हेतु समिति द्वारा निर्देश दिए गए।

32.13 अध्यक्ष महोदया की अनुमति से किसी अन्य विषय पर विचार।

अध्यक्ष महोदया की अनुमति से नगर निगम, झाँसी कार्यालय द्वारा प्राप्त बी0आई0ई0टी0, झाँसीभवन के सापेक्ष सम्पत्ति कर पर आपत्ति विषयक पत्र पर विचार किया गया। उक्त पत्र के द्वारा नगर निगम, झाँसी ने आवासीय एवं अनावासीय क्षेत्रफल का सर्वे के उपरांत उपरोक्त पर

सम्पत्ति कर (गृहकर) के रूप में वार्षिक धनराशि रू0 4,89,38,184.00 (रू0 चार करोड़ नबासी लाख अड़तीस हजार एक सौ चौरासी) निर्धारित किया है।

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत निर्देश दिये गये कि, नगर निगम कार्यालय से विस्तृत आवासीय/अनावासीय क्षेत्रफल का सर्वे के उपरांत कुल जमा की जाने वाली धनराशि से सम्बन्धित प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जायेजिससे कि, बजट में प्राविधान किया जा सके।

( दिवाकर सिंह यादव )
निदेशक/सदस्य सचिव
वित्त समिति
बी0आई0ई0टी0, झाँसी।लखनऊ।

(धीरज पाण्डे)
संयुक्त सचिव
वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन

( मोनिका एस0 गर्ग)
प्रमुख सचिव
प्राविधिक शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
एवं अध्यक्ष, वित्त समिति
बी0आई0ई0टी0, झाँसी।

परिशिष्ट 'क'

| ब्लाक ग्रान्ट का समूह | व्यय मद (रू0 लाख में ) | वर्ष 2016--17 का अनुमोदित |
|---|---|---|
| समूह–1 क | वेतन एवं भत्ता | 925.00 |
| समूह--1 ख | अंशकालिक शिक्षकों को पारिश्रमिक | 150.00 |
| | सुरक्षा कर्मियों की मजदूरी | 40.00 |
| समूह–2 क | गृह कर | 005.00 |
| | मानदेय | 003.00 |
| | यात्रा व्यय | 004.00 |
| | कनवेन्स | 000.50 |
| | टेलीफोन व्यय | 001.00 |
| | कार्यालय व्यय | 025.00 |
| | सेमिनार | 000.02 |
| | चिकित्सा व्यय | 009.00 |
| | डाक व्यय | 000.50 |
| | मेडल व रिवार्ड | 001.00 |
| | बागवानी | 016.00 |
| | अध्ययन भ्रमण | 001.00 |
| | विज्ञापन | 020.00 |
| | स्टेशनरी / छपाई | 001.00 |
| | विधिक व्यय | 001.00 |
| | ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट | 004.00 |
| समूह–2 ख | विद्युत व्यय | 160.00 |
| समूह–2 ग | कार्यालय उपकरण / फर्नीचर / कम्प्यूटर का रखरखाव एवं प्रतिस्थापन व्यय | 020.00 |
| समूह–2 घ | अनुरक्षण व्यय– | |
| | सिविल अनुरक्षण | 030.00 |
| | विद्युत अनुरक्षण | 050.00 |
| समूद –2 ड़ | डी0 ओ0 सी0 | 005.00 |
| | पुस्तकालय व्यय | 003.00 |
| | मेरिट छात्रवृत्ति | 001.00 |
| | शोध एवं विकास | 002.00 |
| | कर्मचारियों की वर्दी | 000.60 |
| | सम्परीक्षा शुल्क | 020.00 |
| | छात्र किया कलाप / खेलकूद | 010.00 |
| | वाहन व्यय | 009.00 |
| | इन्टरनेट अनुरक्षण | 010.00 |
| | कैम्पस अनुरक्षण | 003.00 |
| | छात्रावास अनुरक्षण | 005.00 |
| | कुल योग | 1537.60 |